# उजास में चमकी प्रतिभा की रोशनी

## आनंद विहार कॉलेज में वार्षिकोत्सव का रंगारंग समापन

**नवभारत प्रतिनिधि, भोपाल, 26 फरवरी. आनंद विहार कॉलेज फॉर वूमेन में वार्षिकोत्सव उजास-2026 के समापन समारोह में शास्त्रीय नृत्य, लोक नृत्य गौर माडिया ने भारतीय परंपरा की झलक दिखाई.**



कार्यक्रम में शिव पार्वती दिव्य विवाह पर आधारित नृत्य नाटिका ने माहौल को भावनाओं से भर दिया. वहीं यादों का झरोखा में बॉलीवुड की झलक दिखी तो ट्रेडिशनल मीट्स ट्रेंड्स में मोहिनीअट्टम की शालीनता और आधुनिकता का संगम नजर आया. साथ ही सपनों के पंख शीर्षक विंग डांस और रंगों का उत्सव होली नृत्य ने तो परिसर को उत्साह से भर दिया. समारोह में रंगमंच और भारतीय फिल्मों के चर्चित अभिनेता राजीव वर्मा और उनके साथ प्रसिद्ध रंगमंच कलाकार रीता वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति कार्यक्रम की शोभा और बढ़ गई. समारोह की शुरुआत प्राचार्य डॉ. मधु मिश्रा के संबोधन से हुई. उन्होंने वर्ष भर की शैक्षणिक और सहशैक्षणिक उपलब्धियों का विस्तार से उल्लेख किया. इसके बाद प्रबंधन समिति द्वारा प्रायोजित विशेष पुरस्कार छात्राओं को प्रदान किए गए. उजास का यह समापन केवल एक वार्षिकोत्सव नहीं बल्कि आत्मविश्वास, प्रतिभा और नई उड़ान का उत्सव बन गया. बता दें पिछले 6 दिनों से कॉलेज में छात्रों के बीच अलग-अलग तरह की गतिविधियां और प्रतियोगिता चल रही थीं. जिसमें स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को समापन के अवसर पर पुरस्कृत किया गया. कार्यक्रम में वनिता समाज की प्रेसिडेंट अर्चना बागची, प्रबंधन समिति की चेयरपर्सन मधु सरन, सेक्रेटरी जीवन राव, कोषाध्यक्ष कृष्णा विजयवर्गीय सहित समाज की वरिष्ठ सदस्याएं भी शामिल हुई. इस दौरान सभी ने छात्राओं की प्रतिभा और उनकी प्रस्तुति की सभी ने विशेष रूप से सराहना की.

### मंच आगे बढ़ने की देता है प्रेरणा : वर्मा

कार्यक्रम में शामिल राजीव वर्मा ने छात्राओं की मंचीय प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह मंच जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है. उन्होंने छात्राओं को परिश्रम और समर्पण के साथ अपने सपनों को साकार करने का संदेश दिया.

# ध्रुपद और फ्लैमेंको ने रचा सुरों का सेतु

▸ इजराइल से आई गायिका इडित इशेल की प्रस्तुति



**नवभारत प्रतिनिधि, भोपाल, 26 फरवरी. बैठक द आर्ट हाउस में गुरुवार को संगीत की सीमाएं टूटती नजर आई जब इजराइल से आई फ्लैमेंको गायिका इडित इशेल ने ध्रुपद और फ्लैमेंको की अद्भुत जुगलबंदी से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया. करीब तीन दशक की अपनी वैश्विक संगीत यात्रा को सुरों में पिरोते हुए इडित ने ऐसी प्रस्तुति दी कि लगा संगीत भाषा और सरहदों से परे, आत्मा की अभिव्यक्ति है.**

कार्यक्रम की शुरुआत ध्रुपद गायिका सुरेखा कांबले के साथ संवाद से हुई. दोनों कलाकारों ने भारतीय शास्त्रीय संगीत की गमक और स्वर साधना की बारीकियों पर विस्तार से चर्चा की. इसके बाद सुरेखा कांबले ने गले और सांसों के संतुलन से ध्रुपद की गमक को प्रस्तुत किया. वहीं दूसरी ओर इडित ने स्पेनिश फ्लैमेंको की मोरदेंटे तकनीक को नाक और ऊर्ध्व श्वास के प्रयोग से समझाया. जो श्रोताओं के लिए संगीत की कार्यशाला जैसा अनुभव बन गया. इसके बाद इडित ने फ्लैमेंको तांगो शैली में स्पेनिश गायन प्रस्तुत किया, जिसमें फ्लैमेंको गिटार पर संजीव श्री ने सधा हुआ साथ दिया. कार्यक्रम के अगले चरण में इडित ने रवींद्रनाथ टैगोर की पंक्तियां मुझसे बिना कहे मत जाओ को अपने स्वरचित संगीत में हिबरू भाषा में प्रस्तुत किया.

### कलाकारों के साथ हुआ रोचक संवाद

समापन में राग कोमल ऋषव असावरी में ध्रुपद और फ्लैमेंको का अनूठा संगम देखने को मिला. साथ ही सुरेखा कांबले और संजीव श्री के साथ इडित ने फ्लैमेंको के फ्रीजियन मोड में संगत कर भारतीय राग और स्पेनिश सुरों की बेहतरीन प्रस्तुति दी. कार्यक्रम में इस दौरान बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी शामिल हुए. प्रस्तुति के बाद कलाकारों के साथ एक रोचक संवाद किया गया.

## एक नजर में



### पुण्यतिथि पर वीर सावरकर को किया नमन

**भोपाल.** विनायक दामोदर सावरकर की पुण्यतिथि पर दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कोटरा के वीर सावरकर उद्यान स्थित उनकी प्रतिमा पर विधायक भगवानदास सबनानी ने पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वीर सावरकर प्रखर राष्ट्रवादी थे. देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराने के लिए उन्होंने अपना जीवन समर्पित कर दिया. उनका व्यक्तित्व और कृतित्व हर पीढ़ी को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा. हम सभी मां भारती के ऐसे सच्चे सपूत को बारं-बार नमन करते हैं. इस अवसर पर पार्षद आरती राजू अनेजा, पार्षद ब्रजुला सचान, वरिष्ठ नेता मुकेश राय, मंडल अध्यक्ष मुकेश देहाडे, मंडल अध्यक्ष हेमंत बडगैया, संतोष ब्रह्मभट्ट, प्रतीक्षा ब्रह्मभट्ट, गोविंद सिंह वर्मा, रामनेता सिंह, राम आशुदानी शैलेंद्र यादव, विकास शर्मा, निधि चौरसिया, पंकज त्रिपाठी उपस्थित थे.



### प्रदेश संयोजक बनने पर डॉ .बघेल का सम्मान

**भोपाल.** भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ, मप्र का प्रदेश संयोजक डॉ. विशाल सिंह बघेल को बनाए जाने पर अस्पताल निदेशकों द्वारा उनका सम्मान किया. डॉ. बघेल यूनाइटेड प्राइवेट हॉस्पिटल्स डायरेक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष भी हैं. सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में अस्पताल संचालक एवं चिकित्सक उपस्थित रहे. डॉ. जीशान अहमद एवं डॉ. जेपी. पालीवाल सहित वरिष्ठ चिकित्सकों ने पुष्पगुच्छ एवं शॉल भेंटकर उनका सम्मान किया. इस अवसर पर डॉ. बघेल ने कहा कि यह दायित्व सेवा और उत्तरदायित्व का अवसर है. वे अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे.



### अष्टानिका पर्व पर सिद्धों को अर्घ्य समर्पित

**भोपाल.** अशोका गार्डन पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में अष्टानिका पर्व के तीसरे दिन गुरुवार को भगवान का अभिषेक, शांतिधारा, नंदीश्वर दीप पूजन के पश्चात सिद्ध चक्र महामंडल विधान प्रारंभ हुआ. इसमें सभी इंद्रों द्वारा 32 अर्घ्य सिद्धों को समर्पित किए गए. शुक्रवार को अष्टानिका पर्व के चतुर्थ दिवस सभी इन्द्रों द्वारा 64 अर्घ्य सिद्धों को समर्पित किए जाएंगे. सायंकाल रिद्धि मंत्रों के साथ भक्तांबर पाठ एवं णमोकार मंत्रों का नियमित जाप चल रहा है.



### कोटरा में पुष्पांजलि सभा का आयोजन

**भोपाल.** सांस्कृतिक एवं खेल संरक्षण समिति द्वारा कोटरा सुल्तानाबाद स्थित वीर सावरकर बाल उद्यान में महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विनायक दामोदर सावरकर की 60वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि एवं पुष्पांजलि सभा का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक महेंद्र दवे ने कहा कि वीर सावरकर ने भारत की स्वतंत्रता के लिए अदम्य साहस और दृढ़ संकल्प के साथ संघर्ष किया .सभा में समिति के सचिव मुकेश गुप्ता, संतोष ब्रह्मभट्ट, विकास शर्मा, शबरी मंडल अध्यक्ष हेमंत बड़गैया, तारा सहवानी, नंदू तेलकर, प्रदीप त्रिपाठी, राजेंद्र राठौड़, पं. उमाशंकर तिवारी, राजू अनेजा आदि उपस्थित रहे.

# महिलाएं सुरक्षित तो सब सुरक्षित: शुक्ला

▸ पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा को लेकर कार्यशाला आयोजित

**भोपाल, 26 फरवरी. अपर मुख्य सचिव गृह और संस्कृति शिवशेखर शुक्ला ने कहा कि जिलों में लगातार पुलिस की सक्रिय भागीदारी और प्रशासनिक समन्वय के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा को सुदृढ़ किया जा रहा है. हमारा मार्गदर्शक सिद्धांत है कि जब महिलाएं सुरक्षित होती हैं, तब सब सुरक्षित होते हैं.**



. शुक्ला एमपीटी होटल पलाश में मप्र पर्यटन बोर्ड (एमपीटीबी), पुलिस विभाग और यूएन वूमेन के समन्वय से आयोजित 'पर्यटन स्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा पुलिस की भूमिका और रणनीति' विषय पर तीन दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे. सचिव पर्यटन एवं प्रबंध संचालक एमपी टूरिज्म बोर्ड डॉ. इलैया राजा टी. ने कार्यशाला में कहा कि पर्यटन राज्य की अर्थव्यवस्था को गति देने वाला प्रमुख क्षेत्र है, इसलिए पर्यटकों की सुरक्षा सबसे आवश्यक है.उल्लेखनीय है कि 'सेफ टूरिस्ट डेस्टिनेशन फॉर वीमेन' परियोजना के तहत तीन दिवसीय कार्यशाला 28 फरवरी तक आयोजित की जा रही है.इस अवसर पर विशेष पुलिस महानिदेशक (महिला सुरक्षा) अनिल कुमार, पुलिस उप महानिरीक्षक (महिला सुरक्षा शाखा) संतोष गौर, पुलिस उप महानिरीक्षक (महिला सुरक्षा शाखा) किरणलता केरकेट्टा, पुलिस अधीक्षक (महिला सुरक्षा) बीना सिंह और स्वाति मुराव सहित उपस्थित रहे.

# एमपी ने जीता बेस्ट स्टेट टूरिज्म अवॉर्ड

**भोपाल, 26 फरवरी. मप्र को दक्षिण एशिया के प्रमुख ट्रैवल एवं टूरिज्म प्रदर्शनी में प्रतिष्ठित 'बेस्ट स्टेट टूरिज्म' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है. लगातार दूसरे वर्ष यह सम्मान प्राप्त कर मप्र ने भारत के प्रमुख और पसंदीदा पर्यटन स्थलों में अपनी मजबूत पहचान को और सुदृढ़ किया है.**




यह पुरस्कार नई दिल्ली में आयोजित अवॉर्ड्स समारोह में प्रदान किया गया, जिसे मप्र टूरिज्म बोर्ड के अपर प्रबंध संचालक डॉ. अभय अरविंद बेडेकर ने प्राप्त किया. सचिव पर्यटन एवं मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक डॉ. इलैयाराजा टी. ने बताया कि दूसरे वर्ष 'बेस्ट स्टेट टूरिज्म' अवॉर्ड मिलना प्रदेश के पर्यटन इकोसिस्टम को मजबूत करने के हमारे निरंतर प्रयासों का प्रमाण है. हमारा ध्यान राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर के संरक्षण के साथ-साथ सतत, जिम्मेदार और अनुभव-आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने पर केंद्रित है. बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी, पर्यटक सुविधाओं और नवाचारपूर्ण पहलों में लगातार सुधार ने मध्य प्रदेश को विरासत, वन्यजीव, आध्यात्मिक और इको-टूरिज्म के क्षेत्र में अग्रणी गंतव्य बना दिया है.

## जुमेराती में रोजा अफ्तार



**भोपाल.** चावल वाली मस्जिद के पास जुमेराती में रोजा अफ्तारी का आयोजन किया गया. वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सनवर पटेल,रमीज कुरैशी की उपस्थित में बड़ी संख्या में रोजा अफ्तारी वालों ने अफ्तार किया.

## मैनिट में अंतरराष्ट्रीय आईकोसोम सम्मेलन आज से

**भोपाल.** मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) भोपाल में दो दिवसीय प्रथम अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन सांख्यिकी अनुकूलन और मशीन लर्निंग आईकोसोम 2026 का आयोजन किया जा रहा है. यह आयोजन 27 -28 फरवरी तक चलेगा. आयोजन का उद्देश्य वैज्ञानिक सोच और नवाचार को बढ़ावा देना है. आयोजन शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अधीन आयोजित किया जा रहा है. जिसमें सांख्यिकी ऑप्टिमाइजेशन और मशीन लर्निंग जैसे आधुनिक डेटा विज्ञान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्रों में शोध और नवाचार को नई दिशा देने का प्रयास किया जायेगा.

## इंडिया मलयाली एसोसिएशन का वार्षिक समारोह आज

**भोपाल.** ऑल इंडिया मलयाली एसोसिएशन (एआईएमए) मप्र चैप्टर द्वारा 15वां वार्षिक समारोह एवं सांस्कृतिक संध्या 'समन्वयम 2026' का आयोजन शनिवार को शाम 6:00 बजे से किया जाएगा. यहकार्यक्रम कैंपियन स्कूल ऑडिटोरियम, ई-7, अरेरा कॉलोनी में होगा. एआईएमए मप्र चैप्टर के अध्यक्ष जॉली कुरियन स्वागत भाषण देंगे.सचिव पी. अनिल नायर द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा.

# 76 वर्षीय शोभा मेहंदीरत्ता का नेत्रदान

▸ दुख की घड़ी में जलाया मानवता का दीप

**भोपाल, 26 फरवरी. दुख की घड़ी में भी मानवता का दीप जलाना क्या होता है, इसका प्रेरक उदाहरण एम्स भोपाल में देखने को मिला. 76 वर्षीय शोभा मेहंदीरत्ता के निधन के बाद उनके परिवार ने स्वैच्छिक नेत्रदान का निर्णय लेकर समाज के सामने संवेदनशीलता और साहस की मिसाल पेश की.**




यह पुण्य कार्य उनके पति एएल मेहंदीरत्ता और परिवार के अन्य सदस्यों की सहमति से किया गया. जिसे एम्स भोपाल के नेत्र बैंक और नेत्र विज्ञान विभाग की समर्पित टीम ने उनके निवास स्थान पर पहुंचकर पूरी प्रक्रिया गरिमा और संवेदनशीलता के साथ संपन्न की. परिवार के इस साहसिक कदम ने यह संदेश दिया है कि नेत्रदान केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि किसी जरूरतमंद के जीवन में उजाला भरने का माध्यम है. अपने प्रियजन की स्मृति को जीवित रखने का इससे बड़ा तरीका शायद ही कोई हो सकता है. नेत्रदान को लेकर एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक और सीईओ प्रो. डॉ. माधवानन्द कर ने नागरिकों से अपील की कि वे नेत्रदान के महत्व को समझें और आगे आएं. वहीं नेत्र विज्ञान विभागाध्यक्ष की डॉ. भावना शर्मा ने कहा कि नेत्रदान अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाला सशक्त माध्यम है. यह केवल एक दान नहीं, बल्कि किसी के जीवन को बदल देने वाला निर्णय है.

## 43वें बैच के डीएसपी की दीक्षांत परेड आज

**भोपाल.** मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी, भौंरी, भोपाल के परेड ग्राउंड में 27 फरवरी को प्रात: 11 बजे 43वें बैच के उप पुलिस अधीक्षकों (डीएसपी) का दीक्षांत परेड समारोह आयोजित किया जाएगा. पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे.

इस बैच के कुल 17 अधिकारियों ने अपना प्रशिक्षण पूर्ण कर लिया है समारोह के दौरान मुख्य अतिथि परेड की सलामी लेंगे तथा परेड का निरीक्षण करेंगे.प्रशिक्षण अवधि में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षु अधिकारियों को मुख्य अतिथि द्वारा शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा.



# 'चरणदास चोर' ने किया ईमानदारी के लिए प्रेरित

▸ प्रशासन अकादमी में हुआ नाटक का मंचन

**भोपाल, 26 फरवरी. आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी में प्रशासनिक अधिकारियों के फाउंडेशन कोर्स के प्रतिभागियों के लिए सुप्रसिद्ध रंगकर्मी हबीब तनवीर के विख्यात नाटक चरणदास चोर का प्रभावशाली मंचन किया गया. यह प्रस्तुति स्पिक मैके की ओर से आयोजित की गई.**

छत्तीसगढ़ की लोकनाट्य परंपरा, लोकभाषा की सहजता और जीवंत अभिनय से सुसज्जित नया थिएटर के इस नाटक ने दर्शकों को न केवल मनोरंजन प्रदान किया, बल्कि नैतिकता, ईमानदारी और सत्ता-संरचना पर गंभीर चिंतन के लिए भी प्रेरित किया. नाटक की कथा एक ऐसे साधारण चोर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने वचनों की रक्षा के लिए अंततः असाधारण साहस का परिचय देता है. फाउंडेशन कोर्स के युवा प्रशासनिक अधिकारियों के लिए यह प्रस्तुति केवल सांस्कृतिक अनुभव नहीं रही, बल्कि प्रशासनिक जीवन में मूल्यों, प्रतिबद्धता और लोक-संवेदना के महत्व को समझने का सशक्त माध्यम बनी.

**आंचलिक विज्ञान केंद्र** ▸ वैज्ञानिक प्रक्रियाओं को सरल भाषा और रोचक तरीके से समझाया

# रसायन के रंगों से जागी विद्यार्थियों में जिज्ञासा

**नवभारत प्रतिनिधि भोपाल, 26 फरवरी. रसायन विज्ञान के रोचक प्रयोगों और रंग बदलती अभिक्रियाओं ने गुरुवार को आंचलिक विज्ञान केंद्र में विद्यार्थियों और आमजन स्तब्ध कर दिया. राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अंतर्गत आयोजित विशेष विज्ञान शो रासायनिक कौतूहल में विज्ञान को प्रयोगों के माध्यम से दिखाया गया.**



सप्ताहव्यापी कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत गुरुवार को रासायनिक अभिक्रियाओं, रंग परिवर्तन, ऊष्मा उत्सर्जन और गैस निर्माण जैसे प्रयोगों को किया गया. साथ ही सभी किये गये जटिल वैज्ञानिक प्रक्रियाओं को सरल भाषा और बड़े ही रोचक तरीके से विद्यार्थियों और आमजनों को समझाकर विज्ञान के प्रति नई जिज्ञासा भी उत्पन्न की. कार्यक्रम राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम वूमेन इन साइंस कैटालाइजिंग विकसित भारत के अंतर्गत आयोजित किया गया है. जिसके तहत शो में विद्यार्थी, शिक्षक और अभिभावक उपस्थित शामिल हो रहे हैं. गुरुवार के प्रयोगों में यह भी बताया गया कि रसायन विज्ञान केवल प्रयोगशाला तक सीमित नहीं है, बल्कि हमारे दैनिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है.

### आगामी दिनों में किये जाने वाले प्रयोग

आंचलिक विज्ञान केंद्र द्वारा आगामी दिनों में निम्न तापमान पर पदार्थ आधारित द्रव, नाइट्रोजन प्रदर्शन और निम्न दाब पर नवीन प्रयोग जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे. विज्ञान को रोचक और प्रयोगधर्मी रूप में प्रस्तुत करने की यह पहल विद्यार्थियों में नवाचार और वैज्ञानिक चेतना को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है.

## कोलार में आज गूंजेगा खाटू श्याम का जयघोष

**भोपाल.** कोलार क्षेत्र में 27 और 28 फरवरी को श्री खाटू श्याम आराधना ग्रुप द्वारा दो दिवसीय भव्य धार्मिक आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निशान यात्रा, द्वादशी संकीर्तन और फाग महोत्सव का आयोजन होगा. भव्य निशान यात्रा 27 फरवरी को सुबह 11 बजे निकाली जाएगी. जो कि चूना भट्टी स्थित काली जी मंदिर से शुरू होकर खाटू श्याम कोलार मंदिर ए सेक्टर पहुंचेगी. 28 फरवरी को सुबह 10 बजे से द्वादशी संकीर्तन और फाग महोत्सव आयोजित होगा. . कार्यक्रम में राजेश निखाड़े, मीनाक्षी सिंह प्रस्तुति देंगी.